X-EEED

रोल नं0
Roll No. | | | | | | | | | | |
(अंकों में in figures)

रोल नं0
Roll No. |
(शब्दों में/ in words)

SET A

समय : 2:30 घण्टें
Time : 2:30 Hours

Paper Code : UPT001

पूर्णांक : 150
Max. Marsk : 150

प्रश्नों के उत्तर के लिये काले/नीले बॉल-प्वाइंट पेन का इस्तेमाल करें।

To mark answer use black/ blue ballpoint pen only.

अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।

Candidate must read all the instruction carefully before writing the answers.

आपको अपने सभी उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत उत्तर-पत्रक परिवीक्षक को लौटा दें।

You have to mark your answer on OMR Answer Sheet only. After the examination hand over the Answer Sheet to the Invigilator.

महत्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
2. OMR उत्तर-पत्रक पर दिये गये स्थान पर अभ्यर्थी अपना संवर्क रोल नम्बर, रजिस्ट्रेशन नम्बर, प्रश्न-पुस्तिका सीरिज अंकित करें।
   भाषा-II के अंतर्गत अंग्रेजी, उर्दू या संस्कृत में से जो भाषा विकल्प के रूप में अपने रजिस्ट्रेशन में दी हो, उसका ही चयन करें तथा OMR उत्तर-पत्रक जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
3. इस प्रश्न-पुस्तिका में 150 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए जैसा कि नीचे दिखाया गया है उनमें से केवल एक गोला अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर काले/नीले बॉल-प्वाइंट पेन से पूरा गहरा कर दें:
   उदाहरण : ① ② ● ④ जहाँ (3) सही उत्तर है।
   एक से अधिक उत्तर देनें की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा एवं उसे जाँचा नहीं जाएगा।
4. इस प्रश्न- पुस्तिका में कुल पाँच भाग है। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
   भाग-III में से भाषा-II के अंतर्गत किसी एक भाषा का चयन कर उसके समस्त प्रश्नों केउत्तर दें। समस्त प्रश्न बहुविकल्पीय है। नकारात्मक मूल्यांकन नहीं होगा।
5. इस प्रश्न-पुस्तिका में निम्न भाग है:

भाग-I : बाल विकास एवं शिक्षण विधि	प्र.सं.	1-30
भाग-II : भाषा-I : हिन्दी	प्र.सं	31-60
भाग-III : भाग-II : अंग्रेजी	प्र.सं.	61-90
अथवा संस्कृत	प्र.सं.	61-90
भाग-IV : गणित	प्र.सं.	91-120
भाग-V : पर्यावरणीय अध्ययन	प्र.सं.	121-150

6. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर एवं अंदर कुछ भी न लिखें।
7. प्रश्न-पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ भली-भाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई त्रुटि हो, तो परिवीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज व कोड की दूसरी पुस्तका प्राप्त कर लें।
8. OMR शीट में निर्धारित स्थान पर हल किए गए प्रश्नों की संख्या शब्दों तथा अंकों में अवश्य उल्लिखित करें।
9. यदि हिन्दी भाषा में कोई संदेह हो, तो अंग्रेजी भाषा को ही प्रमाणिक माना जाएगा।

IMPORTANT INSTRUCTION

1. **Answer all questions. All questions carry equal marks.**
2. **The candidate should indicate his category, Roll No., Registration No., Question Booklet Series at the space provided on OMR Answer Sheet.**
   For Language-II form English, Urdu or Sanskrit. Choose only one language which you have selected as an option in your registration and mark on the OMR Answer Sheet otherwise the Answer Sheet will not be evaluated and the candidate will be solely responsible for it.
3. **This Question Booklet contains 150 questions. Each questions has four options. The candidate has to darken only one circle/ bubble on the answer sheet sing black / blue. ballpoint pen indicating the correct answer as shown below:**
   Example : ① ② ● ④ where [3] is the correct answer.
   If more than one answer are marked. It would be treated as wrong answer and it will not be examined.
4. **This Questions Booklet Five parts. Each questions carries 1 mark. Attempt all the questions selecting any one language-II form in Part-III. All questions are multiple choice types. There will be no negative marking.**
5. **This Questions Booklet Consists of the following parts.**

Part-I : Child Development and Teaching Method	: Q. No.	1-30
Part-II : Language-I : Hindi	: Q. No.	31-60
Part-III : Language-II : English	: Q. No.	61-90
Or Sanskrit	: Q. No.	61-90
Part-IV : Mathematics	: Q. No.	91-120
Part-V : Environmental Studies	: Q. No.	121-150

6. **Do not write anything on the cover page and inside the question booklet.**
7. **If you find that the booklet issued to you does not have all the pages properly printed or it has any other deficiency, then you need to approach the invigilator to get another booklet of same series and cod.**
8. **The number of question attempted must be written in words and figures in the specified place on the OMR Sheet.**
9. **in Case of any ambiguity in Hindi version, English version shall be considered authentic.**

NOTE जब तक कहा न जाए, इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें।

उक्त प्रश्न पत्र का Solution प्राप्त करने के लिये www.youtube.com/c/xeeed पर Visit करें।

खण्ड-I
बालविकास एवं शिक्षाशास्त्र

1. बालक बिना सहारे से खड़ा होना सीख जाता है–
(A) 7 माह में (B) 8 माह में (C) 9 माह में (D) 10 माह में

2. बाल विकास किस विषय का आधुनिक रूप है?
(A) दर्शनशास्त्र (B) बाल मनोविज्ञान
(C) मनोविज्ञान (D) शिक्षा मनोविज्ञान

3. रॉस के अनुसार बाल्यावस्था का समय है–
(A) 6–12 वर्ष (B) 7–12 वर्ष
(C) 3–12 वर्ष (D) 8–12 वर्ष

4. शैशवावस्था में बालक में कौन-सा संवेग सर्वाधिक सक्रिय होता है?
(A) क्रोध (B) भय (C) प्यार (D) जलन

5. प्रभाव के नियम को किस नाम से जाना जाता है?
(A) संतोष (B) उपयोग
(C) अनुप्रयोग (D) इनमें से कोई नहीं

6. बालकों में समस्या समाधान की समझ को विकसित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि अपनायी जानी चाहिए?
(A) प्रयास एवं त्रुटि विधि (B) सूझ विधि
(C) वैज्ञानिक विधि (D) उपर्युक्त सभी

7. पावलाव के क्लासिकी अनुबंधन में–
(A) अनुबंधित उद्दीपक को स्वाभाविक उद्दीपक से पहले दिया जाना चाहिए।
(B) स्वाभाविक उद्दीपक को अनुबंधित उद्दीपक से पहले दिया जाना चाहिए।
(C) स्वाभाविक उद्दीपक तथा अनुबंधित उद्दीपक को एक साथ दिया जाना चाहिए।
(D) इनमें से कोई नहीं।

8. गेस्टाल्ट मनोवैज्ञानिकों के अनुसार अधिगम में आता है–
(A) प्रयास एवं त्रुटि (B) अन्तःदृष्टि
(C) नकल (D) अनुबंचित अनुक्रिया

9. प्रतिभावान बालकों में किस अवस्था के लक्षण शीघ्र दिखाई देते हैं?
(A) बाल्यावस्था के (B) किशोरावस्था के
(C) प्रौढ़ावस्था के (D) वृद्धावस्था के

10. किस सिद्धान्त के अनुसार बालक का विकास सिर से पैर की दिशा में होता है?
(A) विकास क्रम का सिद्धान्त (B) विकास दिशा का सिद्धान्त
(C) एकीकरण का सिद्धान्त (D) उपर्युक्त में कोई नहीं

11. किसके अनुसार चिन्तन मानसिक क्रिया का ज्ञानात्मक पहलू है?
(A) रॉस (B) वेलेन्टाइन (C) वुडवर्थ (D) पियाजे

12. यदि शिक्षण के दौरान छात्रों को कुछ भी याद नहीं हुआ या सीखा नहीं, तो यह कहा जायेगा–
(A) पढ़ा नहीं (B) याद नहीं किया
(C) शिक्षण नहीं हुआ (D) परीक्षा नहीं ली गई

13. शिक्षण प्रक्रिया में स्वतंत्र चर है–
(A) अध्यापक (B) विद्यार्थी
(C) पाठ्यक्रम (D) इनमें से कोई नहीं

14. शिक्षण अधिगम का विश्लेषण है–
(A) सार्थक सामग्री (B) अर्थ पूर्ण सामग्री
(C) तार्किक उद्देश्यता (D) ये सभी

15. एक शिक्षक के लिए संवेग किस प्रकार महत्त्वपूर्ण है?
(A) शिक्षक बालकों के संवेगों को जागृत करके, पाठ में उनकी रुचि उत्पन्न कर सकता है।
(B) बालकों के संवेगों का ज्ञान प्राप्त करके उपर्युक्त पाठ्यक्रम के निर्माण में सफलता प्राप्त कर सकता है
(C) शिक्षक, बालकों में वांछनीय संवेगों का विकास करके उनके शिक्षण को सफल बना सकता है।
(D) उपर्युक्त सभी

16. विद्यालयी उपलब्धियों में बच्चों के असफल होने का कारण है–
(A) तत्परता की कमी
(B) अभ्यास की कमी
(C) बच्चों की कमजोरियों, कठिनाइयों एवं समस्याओं का समुचित निवारण न होना
(D) उपर्युक्त सभी

17. गिलफोर्ड द्वारा प्रतिपादित बौद्धिकता संरचना के मॉडल में कितने तत्वों को सम्मिलित किया गया है?
(A) 100 (B) 120 (C) 180 (D) 150

18. एक बालक जिसमें औसत दर्जे की बुद्धि है किन्तु वह पूर्ण विकसित वातावरण में पल रहा है। ऐसा बालक प्राप्त करेगा–
(A) एक श्रेष्ठ जीवन (B) एक औसत जीवन
(C) जीवन में कुछ भी नहीं (D) जीवन में सब कुछ

19. ..... का ज्ञान हमे स्वयं को समझने में अत्यधिक मदद करता है–
(A) शिक्षा (B) रंगो
(C) सामाजिक प्रत्यक्षीकरण (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. प्रायः ..... अवस्था में बच्चे विद्यालय में समायोजन सम्बन्धी समस्याओं से ग्रस्त हो जाते हैं।
(A) बचपन में
(B) पूर्व सामाजिक विकास की अवधि में
(C) विद्यालय पूर्व अवधि में
(D) मध्य बाल्यावस्था में

21. विद्यार्थियों के लिए किस गुण का होना अत्यधिक महत्त्वपूर्ण होता है?
(A) परिश्रम (B) आज्ञापालन (C) नम्रता (D) स्वतंत्र चिंतन

22. यदि एक छात्र प्रार्थना स्थल पर विलम्ब से पहुँचता है तो आप उसके साथ कैसा व्यवहार करोगे?
(A) आप उसे पृथक पंक्ति में खड़ा करेंगे
(B) आप उसे आर्थिक दण्ड देंगे
(C) आप उसे कुछ नहीं कहेंगे
(D) आप उसे चेतावनी देकर छोड़ देगें

23. ..... प्रतिभाशाली होने का संकेत नहीं है।
(A) दूसरो के साथ झगड़ना (B) अभिव्यक्ति में नवीनता
(C) जिज्ञासा (D) सृजनात्मक विचार

24. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराई जानी चाहिए–
(A) विशेष विद्यालयों में विशेष बच्चों के लिए विकसित पद्धतियों द्वारा
(B) विशेष विद्यालयों में
(C) विशेष विद्यालयों में विशेष शिक्षकों द्वारा
(D) अन्य सामान्य बच्चों के साथ

25. कक्षा में विद्यार्थियों की रुचि बनाए रखने के लिए एक शिक्षक को उचित है–
(A) श्यामपट्ट का प्रयोग करना (B) चर्चा करना
(C) कहानी कहना (D) प्रश्न पूछना

26. आप एक अतिसक्रिय बालक को कैसे सही दिशा में लायेंगे?
(A) उसे पहली पंक्ति में बैठाएंगे तथा उस पर कड़ी नजर रखेंगे
(B) उसे कक्षा के कोने में बैठने की जगह निर्धारित करेंगे
(C) उसे श्यामपट्ट आदि साफ करने का काम देंगे
(D) इनमें से कोई नहीं

27. हावर्ड गार्डनर द्वारा निम्न में से एक को छोड़कर बाकी सभी बुद्धि के प्रकार बताएँ गए हैं।
(A) भाषा बुद्धि (B) सृजनात्मकता
(C) अन्तर्वैयक्तिक कौशल (D) अन्तः वैयक्तिक कौशल

28. पियाजे के अनुसार बौद्धिक विकास का निर्धारक तत्व नहीं है–
(A) सामाजिक संचरण (B) अनुभव
(C) सन्तुलनीकरण (D) कोई नहीं

29. प्रभावी और सफल नेतृत्व का आधार क्या होना चाहिए?
(A) व्यक्तिगत रुचि (B) समूह की सेवा
(C) समूचे समूह का कल्याण (D) प्रशंसा

30. बालकों की सोच अमूर्तता की अपेक्षा मूर्त अनुभवों एवं प्रत्ययों से होती है। यह अवस्था है–
(A) 6 से 12 वर्ष (B) 7 से 12 वर्ष
(C) 15 से वयस्क तक (D) जन्म से 2 वर्ष तक

खण्ड-II
भाषा-I : हिन्दी

31. जब कोई बोली या भाषा व्याकरणिक ढाँचे में ढलकर व्यवस्थित रूप ग्रहण कर लेती है तो उसे कहते हैं–
(A) क्षेत्रीय भाषा (B) परिनिष्ठित भाषा
(C) राजभाषा (D) राष्ट्रभाषा

32. 'ब्रजबुलि' नाम से जानी जाती है–
(A) पंजाबी (B) मराठी (C) गुजराती (D) पुरानी बँगला

33. भाषा की कक्षा में–
(A) दीवारें चार्ट से भरी हों
(B) शिक्षक द्वारा प्रयुक्त गतिविधियाँ और युक्तियाँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं
(C) औपचारिक रूप से आकलन पर बल दिया जाए
(D) व्याकरणिक नियमों पर बल देना चाहिए

34. हिन्दी भाषा के अतिरिक्त कौन-सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है?
(A) पंजाबी (B) मराठी
(C) उर्दू (D) इनमें से कोई नहीं

35. भाषा शिक्षण का बहुभाषित सन्दर्भ–
(A) एक से अधिक भाषाएँ सीखने की ओर संकेत करता है
(B) एक से अधिक भाषाओं में शिक्षण-सामग्री है
(C) एक समस्या है
(D) बच्चों द्वारा एक से अधिक भाषाओं का प्रयोग करने की ओर संकेत करता है

36. 'तीन तेरह करना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(A) खूब कमाना (B) ठीक से गिनती नहीं करना
(C) बिखेर कर रख देना (D) विश्राम करना

37. 'धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का' लोकोक्ति का अर्थ है–
(A) गधा बनना। (B) हेरा-फेरी करना।
(C) घर पर न होना। (D) कहीं ठौर-ठिकाना न होना।

38. 'हरिमोहन अपनी बहन को पुस्तक देता है' वाक्य में रेखांकित पद में कारक है–
(A) कर्म (B) सम्प्रदाय (C) संबंध (D) अधिकरण

39. 'लम्बोदर' में कौन-सा समास है?
(A) नञ् (B) कर्मधारय (C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

40. ''जिसे करना बहुत कठिन हो'' के लिए एक शब्द होगा–
(A) दुष्कर (B) पुष्कर (C) दुर्जेय (D) दुराग्रह

41. 'सदैव' शब्द में संधि है–
(A) गुण संधि (B) दीर्घ संधि (C) वृद्धि संधि (D) अयादि संधि

42. ''तुम आ जाते एक बार।
जो कितनी करुणा, कितने सन्देश,
पथ में बिछ जाते बन पराग।''
इन पंक्तियों में कौन-सा रस सृजित होता है?
(A) श्रृंगार रस (B) वीर रस (C) अद्भुत रस (D) वीभत्स रस

43. निराला की कविता 'जूही की कली' उदाहरण है–
(A) वर्णिक छंद का (B) मात्रिक छंद का
(C) मुक्त छंद का (D) इनमें से कोई नहीं

44. ''नील परिधान बीच सुकुमार,
खुल रहा मृदुल अधखुला अंग।
खिला हो ज्यों बिजली का फूल
मेघ बन बीच गुलाबी रंग॥''
इन पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है?
(A) उत्प्रेक्षा (B) श्लेष (C) रूपक (D) उपमा

45. ''प्रभु जी तुम चंदन हम पानी'' इस पंक्ति के रचनाकार हैं?
(A) चंदनदास (B) मलूकदास (C) नानक (D) संत रैदास

46. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'गणेश' का पर्यायवाची नहीं है?
(A) गणपति (B) कविवरवदन (C) चन्द्रचूड़ (D) विनायक

47. 'विस्तीर्ण' का उपयुक्त विलोम शब्द क्या है?
(A) संकीर्ण (B) विकीर्ण (C) विकिरण (D) प्रकीर्णन

48. निम्न में से तालव्य ध्वनि है–
(A) ट (B) प (C) श (D) क

49. निम्न में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?
(A) नीष्प्रभ (B) निष्प्रभ (C) निःप्रभ (D) निष्यप्रभ

50. निम्नलिखित में तत्सम है–
(A) गधा (B) गाय (C) घड़ा (D) ग्राहक

51. 'अभ्यागत' में कौन-सा उपसर्ग है?
(A) अभि (B) अभ्य (C) अभय (D) अभा

52. 'बाजार' से किस संज्ञा का बोध होता है?
(A) भाववाचक (B) समूहवाचक
(C) जातिवाचक (D) व्यक्तिवाचक

53. ''वह रात-दिन पढ़ता रहता है'' इस वाक्य में किस प्रकार का 'क्रिया-विशेषण' है?
(A) संयोजक क्रिया-विशेषण (B) स्थानीय क्रिया-विशेषण
(C) कालवाचक क्रिया-विशेषण (D) अनुबद्ध क्रिया-विशेषण

54. निम्नलिखित में कौन मिश्र वाक्य का उदाहरण है?
(A) अध्यापक देखते हैं कि छात्र पढ़ते हैं।
(B) अध्यापकों के सम्मुख छात्र पढ़ते हैं।
(C) छात्र पढ़ते हैं और अध्यापक उन्हें देखते हैं।
(D) क्या अध्यापकों के सम्मुख छात्र पढ़ते हैं?

निर्देश (प्र. सं. 55-57) : निम्नलिखित गद्यांश का ध्यानपूर्वक अवलोकन करिए। इस पर आधारित प्रश्नों का उत्तर अभीष्ट विकल्प चुनकर दीजिये–

शिक्षा जीवन के सर्वांगीण विकास हेतु अनिवार्य है। शिक्षा के बिना मनुष्य विवेकशील और शिष्ट नहीं बन सकता। विवेक से मुनष्य में सही और गलत का चयन करने की क्षमता उत्पन्न होती है। विवेक से ही मनुष्य के भीतर उसके चहुँ ओर नित्य प्रति होते घटनाक्रमों के प्रति एक छिद्रान्वेषी दृष्टिकोण उत्पन्न होता है। शिक्षा ही मानव को मानव के प्रति मानवीय भावनाओं से पोषित करती है।

शिक्षा से मनुष्य अपने परिवेश के प्रति जाग्रत होकर कर्त्तव्याभिमुख हो जाता है। 'स्व' से 'पर' की ओर अग्रसर होने लगता है। निर्बल की सहायता करना, दुखियों के दुःख दूर करने का प्रयास करना, दूसरों के दुःख से दुःखी हो जाना और दूसरों के सुख से स्वयं सुख का अनुभव करना जैसी बातें एक शिक्षित मानव में सरलता से देखने को मिल जाती है।

55. छिद्रान्वेषी दृष्टिकोण से लेखक का क्या तात्पर्य है?
(A) समन्वय की भावना उत्पन्न होना
(B) उपयुक्त और अनुपयुक्त का बोध होना
(C) मानवीयता का विकास होना
(D) विवेकशीलता का विकास होना

56. ''शिक्षा ही मानव को मानव के प्रति मानवीय भावनाओं से पोषित करती है।'' इस कथन के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए।
(A) कटुता
(B) सहृदयता की भावना का विकास
(C) विनम्रता की भावना का विकास
(D) घृणा की भावना का विकास

57. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?
(A) शिक्षा
(B) शिक्षा का जीवन में महत्त्व
(C) शिक्षा का बदलता स्वरूप
(D) सैद्धान्तिक व व्यावसायिक शिक्षा

58. इनमें से सूफी काव्यधारा का कवि कौन-सा नहीं है?
(A) मुल्ला दाउद (B) जायसी (C) नाभादास (D) कुतुबन

59. पत्रिका और संपादक की दृष्टि से एक युग्म अशुद्ध है–
(A) धर्मयुग-धर्मवीर भारती (B) हंस-राजेन्द्र यादव
(C) तद्भव-अखिलेश (D) नया प्रतीक-अमृतलाल नागर

60. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना जयशंकर प्रसाद की नहीं है?
(A) जनमेजय का नागयज्ञ (B) प्रायश्चित
(C) अजातशत्रु (D) जयद्रथ वध

SECTION–III
Language–II : English

Directions: Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 61 - 65) by selecting the most appropriate options.

Some people seem to think that sports and games are unimportant things that people do, at times when they are not working, instead of going to the cinema, listening to the radio, or sleeping. But in actual fact, sports and games can be of great value, especially to people who work with their brains most of the day, and should not be treated only as amusements.

Sports and games make our bodies strong, prevent us from getting too fat, and keep us healthy. But these are not their only uses. They give us valuable practice in making eyes, brain and muscles work together. In tennis, our eyes see the ball coming, judge its speed and direction and pass this information on to the brain. The brain then has to decide what to do, and so on, so that the ball is met and hit back where it ought to go. All this must happen with very great speed, and only those who have had a lot of practice at tennis can carry out-this complicated chain of events successfully. For those who work with brains most of the day, the practice of such skills is especially useful.

61. The author thinks that–
(A) sports and games are unimportant
(B) sports and games are important
(C) going to the cinema is important
(D) sleeping is important

62. Sports and games are important especially to people who work with their–
(A) brains (B) hands (C) heart (D) body

63. Sports make–
(A) hands and legs work together
(B) the members of a team work together
(C) the players and the spectators come together
(D) eyes, brain and muscles work together

64. The game cited by the author is–
(A) Football (B) Tennis (C) Cricket (D) Hockey

65. In tennis, what is to be done is decided by–
(A) the umpire's action
(B) the audience reaction
(C) the player's brain
(D) the player's heart

66. Fill the blank with appropriate word :
His father died.....cancer.
(A) from (B) of (C) with (D) off

Directions: Answer the following questions (Q. Nos. 67 - 68) by selecting the most appropriate options.

67. Which method is helpful in permanent learning?
(A) Listening (B) Cramming
(C) Practising (D) Reading

68. In the process of teaching and learning, the text book is a
(A) resource book (B) instrument/tool
(C) syllabus (D) all of these

69. The primary skill of learning language are
(A) listening and writing (B) reading and writing
(C) speaking and reading (D) listening and speaking

70. The two components of language are
(A) grammar and situation
(B) words and situation
(C) grammar and vocabulary
(D) vocabulary and information

71. Translation is considered a useful.....in the teaching of English as a second langauge.
(A) method (B) technique
(C) tool (D) way

72. While loud reading of prose, the students should be asked to keep the book .... away from the eyes.
(A) one foot (B) two feet
(C) three feet (D) None of these

73. Bilingual method is less.....than direct method.
(A) costly (B) practical (C) Direct (D) hopeful

74. Poetry increases a child's.....to beauty.
(A) interest (B) behaviour
(C) awareness (D) sensitiveness

75. Who says that, "The desired goal or outcome at which instruction is aimed."
(A) Dr. B. S. Bloom (B) L. A. Strong
(C) P. Gurrey (D) Thompson

76. Language is.....
(A) gesture (B) feeling (C) speech (D) sound

77. A chart is a–
(A) tabulated statement or a diagram
(B) map of a country
(C) time line to show time period
(D) sketch to explain something

78. Audio-video materials reduce.....
(A) time (B) interest (C) effort (D) verbalism

Directions: Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 79 - 83) by selecting the most appropriate options.

Akbar had quarreled with Birbal over something important and had asked him not to come to the palace again. Akbar started missing Birbal and wanted him back, but could not find out where he was. Akbar hit upon a plan. He sent a message to all the villages that wells had been selected to wed the royal well and so they had to bring the bride to the capital immediately.

The headmen of the various villages were alarmed at the impossible task and came rushing to the capital to apologise for their inability to move their wells. One man, Khaji, however, came to discuss the details of the wedding. Khaji wanted to know whether the marriage ceremony would be conducted in the traditional manner. Akbar assured him that all the formalities would be observed. Khaji was happy and assured Akbar that he would bring the bride to the gates of the city. Khaji added that according to the tradition, the bridegroom was to meet the bride at the village gates and take her into the city. He also asked Akbar when was the commitment date from the bridegroom so that they could set out with the bridal party.

Akbar was happy to hear all this. He realized that such an intelligent idea could be thought out only by the fertile brain of Birbal and told Khaji that he did not want the well but the man who gave him the idea

79. Why did Akbar decide to perform the marriage?
- (A) He wanted to know how marriages are performed.
- (B) He wanted to increase the water in his well.
- (C) He wanted to test the intelligence of the village Headmen.
- (D) He wanted to find out the whereabouts of Birbal.

80. Why did Akbar say that he did not want the well which khaji was offering?
- (A) Akbar did not like the demands which Khaji was making.
- (B) Akbar's intention behind his plan to perform the marriage was fulfilled.
- (C) There was not much water in the well.
- (D) None of these

81. Which of the following is NOT true in the context of the passage?
- (A) According to Akbar, Birbal was the most intelligent man in his kingdom.
- (B) Khaji thought of the idea that the marriage of wells should be conducted in a traditional manner.
- (C) Akbar enjoyed Birbal's company.
- (D) The king's well was to be the bridegroom.

82. Why did Khaji come to meet Akbar?
- (A) He wanted to know whether the marriage would be performed in a traditional manner.
- (B) He wanted to know whether the bridegroom could come to village gate to receive the bride.
- (C) He wanted to know why Akbar had thought of the marriage between wells.
- (D) He wanted to know when the marriage ceremony was to be held.

83. Which of the following is true in the context of the passage?
- (A) Akbar never quarreled with others on small matters.
- (B) Akbar ordered all the village headmen to find out about Birbal.
- (C) Every village headman did not react to Akbar's marriage in the same way.
- (D) Khaji was to bring the bridegroom to the village gates.

Directions: Answer the following questions (Q. Nos. 84-90) by selecting the most appropriate options.

84. The term of language is derived from Latin word :

(A) Language (B) Lingua (C) Literary (D) Langue

85. English language is regarded :
- (A) A link language
- (B) A library language
- (C) An International language
- (D) All the above

86. Previous knowledge of the student depends on the following :

(A) age and mental level (B) class and background
(C) none of these (D) both

87. Which one of the following is not one of the stages of learning?

(A) Acquisition (B) maintenance
(C) Generalization (D) Adaptation

88. Which of the following is not the main characteristic of instructional material?
- (A) Save time and energy
- (B) Make learning permanent
- (C) Save paper
- (D) Prevent Indiscipline

89. Remedial teachers should observe the following when dealing with the behaviour problems of pupils
- (A) should always pay attention to their misbehaviour
- (B) always observe the performance of pupils in class and their behaviour in groups
- (C) give positive reinforcement to pupils' good behaviour
- (D) refer the cases to Student Guidance Officers/Teachers for follow-up action

90. Retrieval skills in writing are
- (A) organizing information while reading/listening
- (B) note making and note taking
- (C) diagramming and summarizing
- (D) abilities to do extensive reference work

खण्ड-III
भाषा-II : संस्कृतम्

निर्देश : प्रस्तुत पद्यखण्ड के आधार पर प्र.स. 61 से 63 तक प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।

गतवयसामपि पुंसां येषामर्था भवन्ति ते तरुणाः।
अर्थेन तु ये हीना वृद्धास्ते यौवनेऽपि स्युः।।
इह लोके हि धनिनां परोऽपि सुजनायते।
स्वजनोऽपि दरिद्राणां सर्वदा दुर्जनायते।।
यस्यार्थास्तस्य मित्राणि यस्यार्थास्तस्य बान्धवाः।
यस्यार्थाः स पुमांल्लोके यस्यार्थाः स च पण्डितः।।

61. यौवनेऽपि वृद्धाः भवन्ति।
(A) तरुणाः (B) अर्थहीनाः (C) पलितकेशाः (D) सर्वे

62. स्वजनोऽपि सर्वदा दुर्जनायते–
(A) दरिद्राणाम् (B) धनिनां (C) विदुषाम् (D) सर्वेषाम्

63. लोकेऽस्मिन् पण्डितः कः?
(A) यस्य मित्राणि (B) यस्य बान्धवाः
(C) विदुषाम् (D) सर्वेषाम्

64. 'अभिज्ञान' शब्द का अर्थ है–
(A) ज्ञान होना (B) स्मरण होना
(C) पहचान (D) अभियान होना

65. इनमें से कौन विजातीय शब्द है–
(A) मधूक (B) मर्कटक (C) मशक (D) मक्षिका

66. 'मौन पठन' की मुख्य विशेषता है
(A) तीव्र गति से पाठन
(B) गूढ़ार्थ को आत्मसात करने का प्रयास
(C) शब्द भंडारों का विकास
(D) इनमें से कोई नहीं

67. भाषा कौशल का अन्तिम सोपान है–
(A) पठन (B) लेखन (C) श्रवण (D) भाषण

68. 'भाषा-शिक्षण' समावेशी कक्षा के लिए एक समस्या है, क्योंकि वहाँ
(A) छात्रों में समान रूचि का अभाव होता है
(B) छात्रों की योग्ताओं में असमानता होती है
(C) उपयुक्त भाषा- परिवेश का निर्माण नहीं हो पाता है
(D) सर्वानुकूल पाठ्य-सामग्री का अभाव होता है

69. 'शिशुपालवधम्' में सर्गों की कुल संख्या है
(A) 19 (B) 20 (C) 18 (D) 17

70. 'स्पर्श' व्यञ्जनों के वर्ग हैं–
(A) दो (B) पाँच (C) चार (D) तीन

71. 'अति + इव = अतीव' इस सन्धि का नियम है:
(A) वृद्धिरादैच् (B) इको यण् अचि
(C) अकः सवर्णे दीर्घः (D) हलन्त्यम्

72. 'प्राच्छ्रति' का सन्धि विच्छेद होता है:
(A) प्राऋच्छ्रति (B) प्रार्+च्छति (C) प्र +ऋच्छति (D) प्राच्छ्र + ति

73. द्वन्द्व समास के भेद है–
(A) दो (B) तीन (C) पाँच (D) एक

74. 'हनुमते नमः' हनुमते किस विभक्ति का रूप है
(A) चतुर्थी (B) तृतीया (C) पञ्चमी (D) सप्तमी

75. 'अभितः' के योग में विभक्ति होता है:
(A) षष्ठी (B) पञ्चमी (C) तृतीया (D) द्वितीया

76. भ्रान्तिमान् अलंकार में प्राण तत्व है:
(A) सन्देह (B) संशय
(C) भ्रान्ति का निश्चय (D) भ्रान्ति का अनिश्चय

77. 'येनाङ्गविकारः' सूत्र है :
(A) कर्म कारक का (B) करण कारक का
(C) सम्प्रदान कारक का (D) अपादान कारक का

78. भू धातु का भवामि रूप है–
(A) लट् लकार का (B) लोट् लकार का
(C) लृट् लकार का (D) लङ् लकार का

79. 'उवाच' किस प्रकार रूप है?
(A) लट् (B) लिट् (C) लङ् (D) लिङ्

80. 'कुर्वाणः' में प्रत्यय है:
(A) शतृ (B) शानच् (C) आन् (D) मान्

81. अधोलिखितवाक्येषु भाववाच्यस्य वाक्यं किम् अस्ति?
(A) अध्यापकैः अध्यापनाय विद्यालयः गम्यते
(B) छात्रेण भ्रमणाय नवदिल्ली गम्यते
(C) सर्वैः ध्यातव्यम
(D) बालकाः ध्यानं कुर्वन्ति ध्यातव्यम

82. ''तुम कानपुर जाओ'' का सही संस्कृत रूप है:
(A) गच्छ त्वं कर्णपुरम् (B) कर्णपुर त्वं गच्छेत्
(C) कर्णपुरं त्वां गच्छ (D) त्वां कर्णपुर गच्छेय

83. 'कादम्बरी' किस विधा की रचना है?
(A) महाकाव्य (B) आख्यान
(C) गद्यकाव्य-कथा (D) गद्यकाव्य-आख्यायिका

84. महाकवि भारवि किस शैली के प्रवर्त्तक माने जाते हैं?
(A) सरल (B) अर्थ गौरव (C) कठोर (D) इनमें से नहीं

85. दुर्योधन कब भयभीत हो जाता था?
(A) श्रीकृष्ण की मायाशक्ति सोचकर
(B) युधिष्ठिर का नाम सुनकर
(C) पाण्डवों की दैवीय शक्ति को सोचकर
(D) विदुर के उपदेश सुनकर

86. 'एको रसः करूण एव निमित्तभेदाद्'-उक्ति है
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् की (B) स्वप्नवासदत्तम् की
(C) उत्तररामचरितम् की (D) मृच्छकटिकम् की

87. 'करूण' रस का स्थायी भाव है:
(A) उत्साह (B) क्रोध (C) भय (D) शोक

88. 'कौशिकी वृत्ति' किस रस में होती है?
(A) श्रृंगार रस (B) वीर रस (C) रौद्र रस (D) अद्भुत रस

89. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन-सा है?
(A) गुरुः शिष्याय क्रुध्यति (B) गुरुः शिष्यं क्रुध्यति
(C) गुरुः शिष्ये क्रुध्यति (D) गुरुः शिष्यस्य क्रुध्यति

90. मेघदूतम् में प्रयुक्त मन्दाक्रान्ता छन्द के प्रत्येक चरण में कितने अक्षर होते हैं?
(A) 14 (B) 15 (C) 16 (D) 17

खण्ड-IV
गणित

91. संख्या 75193 में 5 के स्थानीय मान व जातीय मान में अन्तर कितना है?
(A) 4900 (B) 4995 (C) 4935 (D) 4875

92. यदि 35009 = 9 इकाई + 27 हजार + ... दहाई, तब रिक्त स्थान पर संख्या है–
(A) 800 (B) 760 (C) 600 (D) 8000

93. किसी संख्या P को 7 से भाग देने पर शेषफल 5 प्राप्त होता है, तो संख्या 4P + 3 को 7 से भाग देने पर शेषफल क्या प्राप्त होगा?
(A) 2 (B) 3 (C) 4 (D) 5

94. सभी अभाज्य संख्याओं का गुणा करने पर गुणनफल में इकाई का अंक क्या होगा?
(A) 0 (B) 7 (C) 2 (D) 5

95. किसी संख्या तथा उसके $\frac{3}{5}$ वें भाग का अंतर 50 है। वह संख्या कौन-सी है?
(A) 75 (B) 100 (C) 125 (D) 150

96. एक संख्या दो अंको से बनी है। संख्या का एक चौथाई उसके एक-तिहाई से 2 कम है। संख्या के अंको का योग ज्ञात कीजिए।
(A) 6 (B) 4 (C) 8 (D) 2

97. एक स्कूल में 1/10 लड़कों की और 1/4 लड़कियों की संख्या बराबर है तथा 5/8 लड़कियाँ और 1/4 लड़कों की संख्या बराबर है। उस स्कूल में लड़कों और लड़कियों की संख्या का अनुपात क्या होगा?
(A) 2:1 (B) 5:2 (C) 4:3 (D) 3:2

98. एक दुकानदार ने एक टी.वी. ₹2000 में और एक रेडियो ₹750 में खरीदा। वह टी.वी. 20% के लाभ पर और रेडियो 5% की हानि पर बेचता है। कुल हानि या लाभ कितना होगा?
(A) ₹352.50 लाभ (B) ₹362.50 लाभ
(C) ₹332 लाभ (D) ₹300 लाभ

99. एक ट्रेन पहले 10 मिनट में 35 किमी./घंटा की गति पर और दूसरे 5 मिनट में 20 किमी./घंटा की गति पर चली। कुल 15 मिनट में ट्रेन की औसत गति कितनी रही?
(A) 30 किमी./घंटा (B) 32 किमी./घंटा
(C) 31 किमी./घंटा (D) 29 किमी./घंटा

100. एक चुनाव में तीन प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा पहले प्रत्याशी को 40% और दूसरे को 36% मत मिले। यदि मतों की कुल संख्या 36000 थी, तो तीसरे प्रत्याशी को कितने मत मिले?
(A) 8040 (B) 8640 (C) 9360 (D) 9640

101. 75 ग्राम चीनी के एक घोल में 30% चीनी हैं तद्नुसार उस घोल में कितनी चीनी और मिलानी चाहिए कि घोल में चीनी का प्रतिशत 70% हो जाए?
(A) 125 ग्राम (B) 100 ग्राम (C) 120 ग्राम (D) 130 ग्राम

102. एक आयत और एक समबाहु त्रिभुज का परिमाप समान है। आयत की एक भुजा भी समबाहु त्रिभुज की भुजा के बराबर है। आयत और समबाहु त्रिभुज के क्षेत्रफल का अनुपात क्या होगा?
(A) $\sqrt{3}:1$ (B) $1:\sqrt{3}$ (C) $2:\sqrt{3}$ (D) $4:\sqrt{3}$

103. एक ग्राइंडर पर ₹3600 अंकित है, 10% की छूट देने के बाद विक्रेता को 8% का लाभ हुआ लागत मूल्य बताइए।
(A) ₹3000 (B) ₹3312 (C) ₹3240 (D) ₹2960

104. एक ठोस गोलाकार ताँबे की बॉल को जिसका व्यास 14 सेमी. है, गलाकर 14 सेमी. के बराबर व्यास वाले तार में बदला जाता है, तो तार की लम्बाई कितनी होगी?
(A) 27 सेमी. (B) $\frac{16}{3}$ सेमी. (C) 15 सेमी. (D) $\frac{28}{3}$ सेमी.

105. 160 छात्रों के एक शिविर में 10 दिन की खाद्य सामग्री है। यदि 40 छात्र और शिविर में आते हैं, तो खाद्य सामग्री कितने दिन तक चलेगी?
(A) 5 दिन (B) $6\frac{1}{2}$ दिन (C) 8 दिन (D) $12\frac{1}{2}$ दिन

106. यदि दो संख्याओं का योग a है और गुणनफल b है, तो उनके व्युत्क्रम का योग क्या होगा?
(A) $\frac{1}{a}+\frac{1}{b}$ (B) $\frac{b}{a}$ (C) $\frac{a}{b}$ (D) $\frac{1}{ab}$

107. एक पति और पत्नी की औसत आयु उनके विवाह के समय 23 वर्ष थी। चार वर्ष बाद उनका एक बच्चा पैदा हुआ था। जिस समय बच्चे का जन्म हुआ उस समय तीनों सदस्यों के परिवार की औसत आयु कितनी थी?
(A) 23 वर्ष (B) 24 वर्ष (C) 18 वर्ष (D) 20 वर्ष

108. यदि किसी राशि का योग साधारण ब्याज की दर पर चौथे और पाँचवें वर्ष में क्रमशः ₹12900 और ₹14250 है, तो ब्याज दर कितनी है?
(A) 10% (B) 12% (C) 18% (D) 20%

109. ₹250 की राशि पहले वर्ष में 4% और दूसरे वर्ष में 8% की चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर वह राशि कितनी हो जाएगी?
(A) ₹280 (B) ₹280.80 (C) ₹468 (D) ₹290.80

110. $0.65\times0.65+0.35\times0.35+0.70\times0.65$ का मान क्या होगा?
(A) 1.75 (B) 1.00 (C) 1.65 (D) 1.55

111. निम्नलिखित में से कौन-सा संख्या की समझ का महत्वपूर्ण पहलू नहीं है?
(A) पंक्तिबद्धता (B) गणना
(C) अंक लिखना (D) संरक्षण

112. 'वैदिक गणित', आजकल विशेष रूप से प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में बहुत लोकप्रिय होता जा रहा है। इसका प्रयोग निम्नलिखित में से किसके विकास/संवर्धन में होता है?
(A) गणित में गणना के कौशल तथा गति
(B) विद्यार्थियों की गणित में परिकलन प्रक्रिया की समझ
(C) विद्यार्थियों के गणित में समस्या समाधान कौशल
(D) विद्यार्थियों की गणित में एकाग्रता

113. कक्षा IV की पाठ्य-पुस्तक से दी गई निम्नलिखित समस्याओं में से कौन-सी 'बहु-अनुशासनात्मक समस्या' की ओर संकेत करती है?
(A) दी गई आकृति में कितनी सममिति रेखाएँ हैं
(B) किसी दी गई ज्यामितीय आकृति में एक सममिति रेखा खींचना
(C) भारत के झंडे का आरेख बनाइए और झंडे में सममिति रेखाओं की संख्या की पहचान कीजिए।
(D) दी गई आकृति की दर्पण छवि (प्रतिबिम्ब) का आरेख बनाइए।

114. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005 में उल्लेखित 'गणित की लम्बी आकृति' संकेत करती है:
(A) चुनौतीपूर्ण समस्याओं को हल करना
(B) गणित के खेलों का सृजन
(C) हस्तसिद्ध अनुभव प्रदान करना
(D) एक संकल्पना पर दूसरी संकल्पना बनाना

115. निम्नलिखित में से प्राइमरी कक्षाओं में रेखागणित के अध्ययन का कौन-सा भाग पढ़ाया जाता है?
(A) औपचारिक रेखागणित (B) अनौपचारिक रेखागणित
(C) a और b दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

116. सामान्यतः गणित सीखना कठिन है क्योंकि :
(A) इसकी प्रकृति मूलतः अमूर्त है
(B) बच्चे इसे पढ़ना नहीं चाहते
(C) शिक्षण पद्धति त्रुटिपूर्ण है
(D) गणित के अच्छे शिक्षक उपलब्ध नहीं है

117. कक्षा V में गणित के पीरियड में यह वाद-विवाद रखा गया ''शून्य सबसे अधिक प्रभावशाली संख्या है।''
यह क्रियाकलाप बच्चे को प्रोत्साहित करता है
(A) विश्लेषण और सम्प्रेषण में
(B) वे संख्याएँ लिखने में, जिनमें शून्य हो
(C) वे समस्याएँ हल करने में, जिन संख्याओं के अन्त में शून्य हो
(D) मित्रों को सहयोग देने में

118. प्राथमिक स्तर पर टेनग्राम, बिन्दु के खेल, प्रतिरूप इत्यादि का प्रयोग विद्यार्थियों की सहायता करते हैं:
(A) परिकलन कौशलों के सर्वद्धन में
(B) मूलभूत संक्रियाओं को समझने में
(C) स्थानिक समझ की योग्यता में वृद्धि के लिए
(D) संख्याओं की तुलना का बोध विकसित करने में

119. एक 'अच्छा' गणितज्ञ होने के लिए ..... जरूरी होता है।
(A) सवालों के उत्तर देने की तकनीक में निपुणता
(B) अधिकतर सूत्रों को याद करना
(C) बहुत जल्दी सवालों को हल करना
(D) सभी अवधारणाओं को समझना, लागू करना और सम्बन्ध बनाना

120. बताए गए नियमों को उदाहरणों में प्रयोग कर उनकी पुष्टि करना किस शिक्षण विधि से सम्बन्धित है?
(A) निगमन विधि (B) आगमन विधि
(C) संश्लेषण विधि (D) विश्लेषण विधि

खण्ड-V
पर्यावरण

121. बायोगैस उत्पन्न होती है–
(A) यूबैक्टीरिया द्वारा (B) आर्किबैक्टीरिया द्वारा
(C) माइक्रोप्लाज्मा द्वारा (D) साइनोबैक्टीरिया द्वारा

122. आहार में नियमित रूप से ताजे फल और सब्जियाँ ग्रहण करना वांछनीय है क्योंकि ये ऑक्सीकरण-रोधी (Antioxidants) तत्वों के अच्छे स्त्रोत होते हैं। ऑक्सीकरण रोधी तत्व व्यक्ति के स्वस्थ बने रहने और दीर्घायु होने में किस प्रकार सहायक सिद्ध होते हैं?
(A) ये शरीर में उन एन्जाइमों को सक्रिय कर देते हैं जो विटामिनों के संश्लेषण के लिए आवश्यक होते हैं और विटामिन-हीनता नहीं होने देने में मदद करते है
(B) ये शरीर में कार्बोहाइड्रेट, वसा तथा प्रोटीन के अतिरिक्त ऑक्सीकरण को रोकते हैं और ऊर्जा को अनावश्यक नष्ट होने से बचाने में मदद करते हैं।
(C) ये शरीर के चयापचय के उपोत्पाद के रूप में उत्पन्न मुक्त मूलकों को निष्क्रिय बनाते हैं।
(D) ये शरीर की कोशिकाओं में कुछ जीन को सक्रिय करते हैं और वृद्धत्व की क्रिया को विलंबित करने में मदद करते हैं।

123. प्रोबायोटिक खाद्य से संबद्ध निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. प्रोबायोटिक खाद्य में सजीव जीवाणु विद्यमान होते हैं, जो मानव के लिए लाभकारी जाने जाते हैं।
2. प्रोबायोटिक खाद्य अंत्र फ्लोरा के अनुरक्षण में सहायता देता है।

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 तथा 2 दोनों (D) न तो 1 और न ही 2

124. कार्टाजेना प्रोटोकॉल का संबंध है–

(A) वायु प्रदूषण के उन्मूलन से
(B) जैव सुरक्षा समझौता से
(C) वनों के संरक्षण से
(D) वन्य जीवों के अवैध व्यापार से

125. वन विनाश का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(A) ग्रीन हाउस उत्पन्न करने वाली गैसों की मात्रा में वृद्धि
(B) भूक्षरण
(C) मरुस्थलीयकरण
(D) उपरोक्त सभी

126. 'चांगपा' जनजाति पायी जाती है–

(A) सिक्किम में (B) अरुणाचल प्रदेश में
(C) लद्दाख में (D) मणिपुर में

127. 'यक्षगान' किस राज्य का लोक नृत्य है?

(A) महाराष्ट्र (B) जम्मू-कश्मीर
(C) कर्नाटक (D) उत्तर प्रदेश

128. भारत द्वारा निर्मित 'चाबहार बन्दरगाह' का निर्माण किस देश में किया गया है?

(A) पाकिस्तान (B) श्रीलंका (C) ईरान (D) मालदीव

129. गोताखोर किन गैसों के मिश्रण से सांस लेते हैं?

(A) ऑक्सीजन तथा नाइट्रोजन (B) ऑक्सीजन तथा हाइड्रोजन
(C) ऑक्सीजन तथा हीलियम (D) ऑक्सीजन तथा आर्गन

130. हड्डियों और दांतों में जो रासायनिक पदार्थ उपस्थित रहता है, उसे कहते हैं–

(A) कैल्सियम क्लोराइड (B) कैल्सियम बोरेट
(C) कैल्सियम फॉस्फेट (D) कैल्सियम सल्फेट

131. प्राथमिक रंग है–

(A) प्रकृति में पाये जाने वाले रंग
(B) वे रंग जो अन्य रंगों के मिश्रण से उत्पन्न नहीं किए जा सकते हैं।
(C) इन्द्रधनुष के रंग
(D) श्वेत प्रकाश के स्पेक्ट्रम के रंग

132. कोणार्क का काला पैगोडा किस देवता को समर्पित है?

(A) विष्णु (B) शिव (C) सूर्य (D) जगन्नाथ

133. अपने पिता के औजारों से खेल रहे बालक के आँख में एक औजार लग गया चोट लगने के बाद उनकी आँख से खून निकलने लगा, परिवार के लोगों ने इसे मामूली चोट समझकर आँख पर पट्टी बाँध दी। वक्त बीतने के साथ बालक बड़ा होता गया और घाव गहरा होता चला गया। 8 वर्ष की उम्र में पहुँचते–2 बालक पूरी तरह से नेत्रहीन हो गया। वह बालक कौन था?

(A) साइमन रेले ब्रेल (B) लुई ब्रेल
(C) न्यूटन (D) लुई पाश्चर

134. जिस प्रकार रसोंई घर में भोजन बनाया जाता है, उसी प्रकार हरी पत्तियाँ पौधों के लिए भोजन बनाती है। इसीलिए पत्ती को पौधों का रसोंई घर कहते हैं। पत्तियाँ सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में किसकी सहायता से भोजन बनाती हैं?

(A) जल, खाद, मिट्टी
(B) जल, क्लोरोफिल और कार्बन डाईऑक्साइड
(C) उष्मा, जल, वायु
(D) क्लोरोफिल, मिट्टी, खाद

135. सामुद्रिक कच्छपों को जीवंत जीवाश्म कहा जाता है, क्योंकि वे 150 मिलियन वर्षों से भी अधिक समय से पृथ्वी में उपस्थित हैं। भारतीय उपमहाद्वीप के जल भागों में पाये जाने वाले पाँच प्रजातियों के समुद्री कच्छप में सबसे अधिक संख्या किसकी है।

(A) आलिव रिडले (B) लागरहेड
(C) केनेप्स रिडले (D) फ्लैट बैक

136. डिस्लेक्सिया के लक्षण हैं–

(A) इस बीमारी में बच्चों को शब्द की पहचान करने में दिक्कत होती है।
(B) डिस्लेक्सिया से ग्रस्त व्यक्ति शब्दों या अक्षरों को उल्टा या गलत पढ़ता है।
(C) व्यक्ति दाएं एवं बाएं में ठींक से अंतर समझ नहीं पाता और कन्फ्यूज हो जाता है।
(D) उपरोक्त सभी

137. ''भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य होगा, प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण एवं सुधार'' यह कथन भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद से संदर्भित है?

(A) अनु. 48A (B) अनु. 51A
(C) अनु. 50 (D) अनु. 21

138. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए–

सूची–1	सूची–2
(a) कलमकारी	1. आन्ध्र प्रदेश
(b) मधुबनी	2. मध्य प्रदेश
(c) वारली	3. महाराष्ट्र
(d) पिथौड़ा	4. बिहार

	a	b	c	d
(A)	4	3	2	1
(B)	3	2	1	4
(C)	1	4	3	2
(D)	2	1	4	3

139. आन्त्रज्वर (टाइफॉयड) किसके द्वारा होता है?

(A) कवक (फंजाई) (B) विषाणु

(C) जीवाणु (D) प्रोटोजोआ

140. चराई खाद्य श्रृंखला एक सीधी, सपाट व निश्चित खाद्य श्रृंखला होती है, जो उत्पादक से शुरू होकर अंतिम उपभोक्ता तक जाती है। जैसे– घास → गधा → शेर इसी तरह जलीय पारिस्थितिकी तंत्र में यह खाद्य श्रृंखला निम्नलिखित में से क्या होगी?

(A) अपरदक → केंचुआ → मुर्गी → बाज

(B) पादपप्लवक → जन्तुप्लवक → छोटी मछली→ बड़ी मछली

(C) घास → मेढ़क → साँप → बाज

(D) टिड्डा → मछली → साँप → बाज

141. पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए चित्रों को दर्शाना–

(A) पाठ को आनन्ददायक तथा रोचक बनाने में मदद करता है

(B) उचित दिशा में बच्चों को संकेन्द्रित करता है

(C) पर्यावरणीय विभेद को जानने में

(D) उपरोक्त सभी

142. कक्षा-V का रमन अक्सर समय पर पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका के पास दत्त-कार्य जमा नहीं करता। इस समस्या के समाधान के लिए सर्वोत्तम सुधारात्मक उपाय हो सकता है।

(A) इस बात के विषय में अभिभावक को सूचित करना

(B) उसे खेल-कूद की कक्षा में जाने से रोकना

(C) उसे शारीरिक दण्ड देना

(D) अनियमितता का कारण पता करना और उसे उचित परामर्श देना

143. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या– 2005 के अनुसार हर बच्चे की अपनी क्षमताएँ और कौशल होते है। इसे स्कूल में व्यक्त करने का मौका किस माध्यम से देना चाहिए?

(A) संगीत, कला, नृत्य

(B) नाट्य, चित्रकला, कहानियाँ, पहेलियाँ

(C) साहित्य, प्रकृति के प्रति अनुराग

(D) उपरोक्त में सभी

144. विद्यालयों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने हेतु छात्रों की मानसिकता में बदलाव लाने में कौन-सी रणनीति कारगर सिद्ध होगी?

(A) परीक्षा के माध्यम से

(B) खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

(C) पाठ्यक्रम में बदलाव तथा गैर शैक्षिक तथा रचनात्मक क्रिया कलापों को शामिल करके

(D) इनमें से कोई नहीं

145. प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन की पढ़ाई का एक प्रमुख उद्देश्य है–

(A) अगले स्तर के अध्ययन के लिए विद्यार्थियों को तैयार करना

(B) स्वतंत्र रूप से हस्तसिद्ध क्रिया-कलापों को करने का कौशल अर्जित करना

(C) विषय की मूल संकल्पनाओं की गहन समझ विकसित करना

(D) कक्षा की पढ़ाई को शिक्षार्थी के विद्यालय से बाहर के जीवन से सम्बन्धित करने में सहायता करना

146. काँटेनुमा पत्तियों को दर्शाकर एक शिक्षक किस प्रकार के पौंधे के बारे में पढ़ा रहा है?

(A) स्थलीय (B) जलीय (C) उभयधर्मी (D) मरुस्थलीय

147. पर्यावरण अध्ययन की पढ़ाई में कक्षा में प्रश्नोत्तर तकनीक का सबसे अच्छा उपयोग किसके लिए किया जा सकता है?

(A) कक्षा में अनुशासन बनाये रखने के लिए।

(B) विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए।

(C) प्रायोगिक कौशल को बढ़ावा देने के लिए।

(D) विद्यार्थियों में सीखने की जिज्ञासा उत्पन्न करने के लिए।

148. दत्त-कार्य के विशिष्ट उद्देश्य कौन-से हैं?

(A) विद्यार्थियों को अभिप्रेरणा देना तथा उन्हें सीखने की क्रियाओं की ओर उन्मुख करना

(B) उद्देश्यों को स्थापित करना

(C) निश्चित सीखने के अभ्यास तथा क्रियाओं को देना

(D) उपरोक्त सभी

149. सोडियम बाइकार्बोनेट का साधारण नाम क्या है?

(A) खाने का सोडा या बेकिंग सोडा (B) कपड़े धोने का पाउडर

(C) प्लास्टर ऑफ पेरिस (D) उड़न राख

150. भौतिक एवं जैविक पर्यावरण शिक्षण के फलस्वरूप निम्नलिखित में से कौन-सा व्यवहारगत परिवर्तन 'कौशल' के उद्देश्य के अन्तर्गत आता है?

(A) उत्तरदायित्व (B) हठधर्मी (C) जिज्ञासा (D) प्रयोग करना